**वी सीडी नं॰ 886, कलयमगल नगर वार्ता, तारीख–13.2.08**
**VCD 886, Kalaimagal Nagar Discussion, Dt. – 13.2.08**

जिज्ञासू – सतयुगी कृष्ण का जब जन्म होता है तब सतयुग शुरू होता है क्या?
बाबा – संवत् 1.1.1 कब कहेंगे? ये संवत् 1.1.1 की शुरूआत संगम में होगी या सतयुग में होगी? सतयुग में तो हिस्ट्री होती ही नहीं है, तो दिन,महीना,तारीख की शुरूआत भी नहीं कहेंगे। हिस्ट्री कहाँ बनती है? इस दुनियाँ में बनती है। तो संवत् 1.1.1 तब कहेंगे जब नरक की दुनियाँ के बीच बाप आकर के स्वर्ग का वर्सा देते हैं। कब? और वो स्वर्ग का वर्सा एक्युरेट पुरुषार्थ करनेवाले आत्माओं के संगठन को मिलेगा या पहले सबको मिल जाएगा?
जिज्ञासू – एक्युरेट पुरुषार्थ करनेवाले।
बाबा – एक्युरेट पुरुषार्थ करनेवाली आत्मायें कितनी होंगी?
जिज्ञासू – 9 लाख।
**Student:** Does the Golden Age begin when the GoldenAge Krishna takes birth?
**Baba:** When will it be called era 1.1.1? Will the era 1.1.1 begin in the Confluence Age or in the Golden Age? There is no history at all in the Golden Age, so, the day, month and date will not be said to have begun either. Where is history made? It is made in this world. So, the era 1.1.1 will be said for the time when the Father comes and gives the inheritance of heaven in the midst of the world of hell. When? And will the gathering of the souls who make accurate special effort for the soul *(purusharth)* receive the inheritance of heaven first or will everyone receive it first?
**Student:** Those who make accurate *purusharth.*
**Baba:** How many souls will make accurate *purusharth*?
**Student:** 9 lakhs (900 thousand).

बाबा – 9 लाख होंगी एक्युरेट पुरुषार्थ करनेवाली? उसमें प्रजावर्ग की नहीं होंगी? प्रजावर्ग वाली तो पुरुषार्थ करती नहीं हैं, राजयोग सीखती नहीं हैं।
जिज्ञासू – 16108।
बाबा – 16108 में तो दास–दासियाँ बननेवाले ढेर हैं। उनको तो एक्युरेट पुरुषार्थ करनेवाला कहेंगे ही नहीं।
जिज्ञासू – 108।
बाबा – 108 में सब धर्म के घुसे हुए हैं।
जिज्ञासू – 8 ।
बाबा – तो 8 ही हैं जो धर्मराज की सजायें नहीं खाते हैं, एक्युरेट पुरुषार्थ करते हैं। तो उनका संगठन जो तैयार होता है, उससे जो परिवार की इकाई तैयार होती है, नई दुनियाँ में वहाँ से कहेंगे संवत् 1.1.1.
**Baba:** Will nine lakh souls make accurate *purusharth*? Will they not include the souls of the subject category (*praja varg*)? Those who belong to the subject category certainly do not make *purusharth*, they do not learn *Rajyog*.
**Student:** 16108.
**Baba:** As far as 16108 are concerned, there are many among them who become servants and maids. They will not at all be said to be the ones who do accurate *purusharth*.
**Student:** 108.
**Baba:** Souls of all the religions are included among 108.



Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

**Student:** 8.
**Baba:** So, there are only 8 who do not suffer the punishments of *Dharmaraj*; they make accurate *purusharth*. So, the era 1.1.1 will be said to have begun when their gathering (of 8) is ready, when the unit of family is made through them in the new world.

जिज्ञासू – वैरायटी धर्म का झाड़ है ना।
बाबा – हाँ। वैरायटी धर्म का झाड़ है, उसमें सब 84 जन्म लेनेवाले थोड़े ही हैं।
जिज्ञासू – एक धर्म, एक राज्य स्थापन करने के लिए आए।
बाबा – आए। बाप आए एक धर्म, एक राज्य की स्थापना करने के लिए; औरों का विनाश कर देते हैं। तो विनाश किसका होता है? बाप तो आए हैं, राजयोग की पढ़ाई पढ़ाए रहे हैं; लेकिन पढ़नेवाले सब एक जैसे हैं क्या? पढ़नेवाले तो नम्बरवार हैं, तो अनेक धर्मों की स्थापना हो जाती है। जो एक्युरेट पढ़ाई पढ़नेवाले हैं और उनके जो फॉलोअर्स हैं, वही सनातन धर्म की स्थापना में सहयोगी बनते हैं।
**Student:** It is a tree of variety religions, isn't it?
**Baba:** Yes. It is a tree of variety religions; everyone does not take 84 births in it.
**Student:** He has come to establish one religion, one kingdom.
**Baba:** He has come. The Father has come to establish one religion, one kingdom. He destroys the others. So, who are destroyed? The Father has indeed come; He is teaching the knowledge of *Rajyog*, but are all the students alike? The students are indeed numberwise, so, many religions are established. The students who study accurately and their followers, themselves become helpers in the establishment of the Ancient Deity religion *(Sanatan dharma).*

पढ़ानेवाला एक, पढ़नेवाले अनेक, फिर एक ही पढ़ाई पढ़ाते हैं सबको। ऐसे भी नहीं कि कोई को अलग–2 पढ़ाई पढ़ाते हों। फिर वैरायटी क्यों बन जाते हैं? अरे, स्कूल में भी सब एक जैसे मार्क्स से पास होते हैं क्या? पढ़ानेवाला तो एक ही टीचर होता है; फिर एक जैसे पास होते हैं क्या? फर्स्ट क्लास पास हो जाते हैं सब? नहीं होते। ऐसे ही यहाँ अनेक धर्मों की स्थापना स्वतः ही हो जाती है। पढ़ाई तो सबके लिए है। ऐसा तो एक भी नहीं होगा, जो आत्मा अपन को न समझ करके जाए। बेसिक नॉलेज तो कम–से–कम सभी लेंगे। क्या? कि मैं आत्मा बिंदी, हम आत्माओं का बाप शिव ज्योतिबिंदु भी बिंदी। दूसरे धर्म की आत्मायें भी इस बात को समझ कर ही जावेंगी। जो गहरी नॉलेज है, वो सब नहीं उठावेंगे और न बाप को पहचानेंगे। मैं जो हूँ, जैसा हूँ, जिस रूप में पार्ट बजाए रहा हूँ, दूसरे धर्म के लोग थोड़े ही पहचान पाते हैं।
The teacher is one, students are many and He teaches the same knowledge to everyone. It is not even so that He teaches someone separately. Then why do varieties of people come up? Arey, in a school, does everyone pass with same marks? The teacher is only one, then, does everyone pass equally? Does everyone pass with first class (marks)? No, they don't. Similarly, different religions are established automatically here. The knowledge is for everyone indeed. There will not be even a single (soul) who will go (to the Supreme Abode) without considering himself to be a soul. Everyone will take at least the basic knowledge. What? That I a soul am a point, the Father of us souls, Shiv the point of light is also a point. The souls of other religions too will go (back) only after they understand this fact. Everyone will not grasp the deep knowledge; and they will not recognize the Father either. People of other religions are not at all able to recognize what I am, how I am and in whichever form I am playing My part.

जिज्ञासू – बाबा, रूद्रमाला में सब राजा बननेवाले हैं। मगर जो सेकन्ड नारायण हैं, सब आधारमूर्त हैं। रूद्रमाला के संगमयुगी और सतयुगी कृष्ण राजा का पोजीशिन लेते हैं। उसके बाद सेकन्ड नारायण, थर्ड नारायण चलता है और त्रेता में लास्ट थ्री वो बीजरूप के करते हैं। दूसरे सब राजायें नहीं बनते हैं। मगर बोलते हैं कि रूद्रमाला के सब राजा बनते हैं।

**Student:** Baba, everyone is going to become a king in the *Rudramala* (the rosary of *Rudra*). But the second Narayan is a root soul. The Confluence Age Krishna of the *Rudramala* and the Golden Age Krishna take the position of a king. After them there is the rule of the second Narayan, the third Narayan and in the last three [generations] of the Silver Age the seed-form souls rule. All the others do not become kings. But it is said that all those who belong to the *Rudramala* become kings.

बाबा – रूद्रमाला के जो हैं, वो वास्तव में रूद्र तो 11 ही हैं। क्या? रूद्र 11 गिने जाते हैं। एक महारूद्र है। टोटल मिल करके 12 हैं। उन 12 के फॉलोअर्स भी होंगे। यथा राजा तथा प्रजा। फिर जो दूसरा ग्रुप होता है, 12 का वो उतना श्रेष्ठ पुरुषार्थी थोड़े ही होगा, जो पहला ग्रुप होता है। तो उनकी प्रजा भी यथा राजा तथा प्रजा। ऐसे ही लास्ट ग्रुप है नौंवां। तो कम पुरुषार्थी है, तो उसके फॉलोअर्स भी कम पुरुषार्थी होते हैं। इसलिए माला में 9 प्रकार के ग्रुप बन जाते हैं। वो माला ही ये साबित करती है कि कोई ऊँचा संगठन है और कोई नीचा संगठन है। कोई दाई ओर का संगठन है और कोई बाई ओर का संगठन है। अब यहाँ स्थापना किसकी होनी है? असल सूर्यवंशियों की स्थापना होनी है या डिफेक्टेड की होनी है? असल सूर्यवंशियों की स्थापना होनी है। बाकी तो रूद्रमाला को एडवान्स पार्टी कहा जाता है। एडवान्स पार्टी में भी सद्‌गुरु की निंदा करानेवाले मणके हैं या नहीं हैं?
जिज्ञासू – हैं।
बाबा – वो मणके नीची कोटि के संगठन वाले मणकों में जायेंगे या उच्च कोटि के मणकों में जायेंगे?
जिज्ञासू – नीची कोटि में।
बाबा – इसलिए अनेक धर्मों की स्थापना हो जाती है। सारे झाड़ का फाउंडेशन जैसे कि अभी पड़ रहा है।

**Baba:** In reality, the *Rudras* who belong to the *Rudramala* are only 11 in number. What? There are 11 *Rudras*. One is *Maharudra* (highest *Rudra*). Totally there are 12. There must be followers of those 12 as well. As the king so are the subjects. Then the second group of 12 (souls) will not be such elevated *purusharthi* (makers of special effort for the soul) , as compared to the first group. So, their subjects will also be like the kings. Similarly, the last group is the ninth (group). So, if they are less *purusharthis*, their followers also are less *purusharthis*. That is why 9 kinds of groups are formed in the rosary. That rosary alone proves that there is a high gathering and a low gathering. Some gatherings are of the right side and some gatherings are of the left side. Well, which one is going to be established here? Are the true *Suryavanshis* going to be established or are the defected ones going to be established? The true *Suryavanshis* are going to be established. Otherwise, the *Rudramala* is called Advance Party. Are there beads who defame the *Sadguru* in the Advance Party too or not?
**Student**: There are.



Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

**Baba**: Will those beads be included among the beads of the low grade gathering or will they be counted amongst the high grade beads?
**Student**: In the low grade gathering.
**Baba**: That is why many religions are established. It is as if the foundation of the entire tree is being laid now.

जिज्ञासू –माउंट आबू में जो भट्ठी होगा और उस संगठन में साढ़े चार लाख आत्मायें ही आते और जाते रहेंगे। ........ आयेंगे और फिर वापस दुनियाँ में जायेंगे। ये कब की बात है? संगमयुगी कृष्ण प्रत्यक्ष होने के बाद की बात है या उससे पहले भी हो सकती है?
बाबा – शांतिधाम और सुखधाम के गेट एकसाथ खुलेंगे या आगे–पीछे खुलेंगे?
जिज्ञासू – एकसाथ।
बाबा – जब शांतिधाम, सुखधाम के गेट एकसाथ खुलेंगे तो संगमयुगी कृष्ण प्रत्यक्ष नहीं होगा?
**Student:** The *bhatti* that will take place in Mt. Abu and only four and a half lakh souls (450 thousand) will keep visiting that gathering.....They will come and then return to the (outer) world. It pertains to which time? Is it about the time after the revelation of the Confluence Age Krishna or can it take place before that?
**Baba:** Will the gates of the abode of peace *(Shantidham)* and the abode of happiness *(Sukhdham)* open at the same time or one after the other?
**Student:** At the same time.
**Baba:** When the gates of the abode of peace and the abode of happiness open at the same time, will the Confluence Age Krishna not be revealed?

जिज्ञासू – ब्रह्मा बाबा जब जीवित थे, पहले थोड़े लोग समझते थे। फिर अभी ....और ज़्यादा लोग समझते हैं। जब प्रत्यक्षता होगी तो जगत् के सब समझेंगे। ऐसे ही प्रजापिता को भी आगे जाते–2 वही करेंगे। पर अभी जो वैष्णवी देवी आयेंगी, तो कितने लोग समझेंगे? खाली संगमयुगी सतयुग के 9 लाख ही समझेंगे या सब समझेंगे?
बाबा– 9 लाख में तो साढ़े चार लाख तो सूक्ष्मशरीरधारी हैं। उनके समझने ना समझने का तो बात ही नहीं है। बाक़ी जो साढ़े चार लाख हैं, वो भी अलग–2 धर्मों से कनेक्टेड हैं। एक धर्म के बीज तो हैं नहीं। जो और–2 धर्मों के बीज हैं, वो पूरे 84 जन्म लेंगे क्या? भल पहले जन्म में आयेंगे; लेकिन लास्ट में जा के जन्म लिया। 100– 125 साल कम हो गए। तो उनको पक्का देवी–देवता सनातन धर्म का कहेंगे? नहीं कहेंगे। नाममात्र कहने के लिए 84 जन्म ले लिए। अंतर पड़ जाता है।
**Student:** When Brahma Baba was alive, earlier few people used to understand. Then, now....more people understand. When revelation takes place, everyone in the world will understand. Similarly, in future, the same thing will happen with Prajapita. But when *Vaishnavi Devi* comes, how many people will understand? Will just 9 lakh (900 thousand) souls of the Golden Confluence Age *(Sangamyugi Satyug)* understand or will everyone understand?
**Baba:** Among the 9 lakhs, four and a half lakhs (450 thousand) are subtle bodied ones. There is no question of their understanding or not at all. As regards the remaining four and a half lakhs, they are connected to different religions too. They are indeed not the seeds of one religion. Will the seeds of the other religions take complete 84 births? Although they will come in the first birth, they take birth in the last; 100- 125 years were reduced; so, will they be said to firmly



Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

belong to the Ancient Deity religion (Devi Devta Sanatan dharm)? No. They took 84 births just for name sake. A difference is made.

जिज्ञासू – बाबा, बड़े–2 संन्यासी लोग कोई–2 अभी तक नहीं आए हैं।
बाबा – संन्यासी जो हैं.....................।
जिज्ञासू –नहीं, विश्वामित्र, वशिश्ठ भी संन्यासी है। पुरुषार्थ करके ...... फिर भी विश्वामित्र क्षत्रिय है, वशिष्ठ ब्राह्मण है फिर भी शास्त्र में लिखा........।
बाबा – ब्राह्मण थे थोड़े ही। ओरिजनली तो क्षत्रिय थे।
जिज्ञासू –क्षत्रिय थे।
बाबा – हाँ जी।
जिज्ञासू –फिर भी शास्त्रों में लिखा, विश्वामित्र ने त्रिशंकु स्वर्ग बनाया। त्रिशंकु का क्या मिनींग (अर्थ) है............
बाबा – लटक गया। न स्वर्गवासी हुआ, न नीचे आया न ऊपर गया। तो दुर्गति हो गई।
**Student:** Baba, some of the big *Sanyasis* have not yet come (in knowledge).
**Baba:** The *Sanyasis*……..
**Student:** No, *Vishwamitra*, *Vashishta* are also *Sanyasis.* By making special effort for the soul *(purusharth)*.....even so *Vishwamitra* was a *kshatriya* (warrior), *Vashishta* was a Brahmin. Yet, it has been written in the scripture……..
**Baba:** He was not a Brahmin. He was originally a *Kshatriya.*
**Student:** He was a *Kshatriya*.
**Baba:** Yes.
**Student:** Yet, it has been written in the scriptures, Vishwamitra built *Trishanku* heaven. What is the meaning of *Trishanku*.....
**Baba:** He hanged (in the middle). He neither became a resident of heaven, he did not come down and he didn't go up either. So, he underwent degradation *(durgati).*

जिज्ञासू – अभी कम्पिल में मकान बना रहे हैं, भट्टी–वट्ठी के लिए। मगर अभी तो मालूम है कि अभी तो 30 साल नहीं तो 40 साल ही और रहेगा, विनाश के लिए।
बाबा– 40 साल कहाँ से रह गये?
जिज्ञासू – जो बिल्डिंग बना रहे हैं, वो ईंट वगैरह लगा करके मजबूत बना रहे हैं। वो टेम्परारी (अस्थायी) बना सकते हैं ना! जैसा जापान में करते हैं टेम्परारी, प्लायवुड ऐसा करके कर सकते हैं ना।
बाबा – हाँ, घास–फूस की भी डाल सकते हैं। घास–फूस की झोपड़ियाँ डाल सकते हैं। डाल सकते हैं ना! लेकिन जमीन तो बहुत कॉस्टली मिलती है। झोपड़ियाँ डालने के लिए तो लम्बी–चौड़ी जमीन चाहिए और कम्पिल में तो तंबाकू पैदा होती है। जमीन का भाव ही बहुत ज़्यादा बढ़ा हुआ है। तो जो जमीन है, उसी के अंदर कई मंजिल का बना देने में फायदा है या लम्बी–चौड़ी जमीन खरीदने में फायदा है?
जिज्ञासू –मल्टिस्टोरीज बनाने में।
बाबा – मल्टीस्टोरीज करने से फायदा है ना! तो फायदे का लाभ उठाना चाहिए।

**Student:** Now they are building a house at Kampil (a village in Uttar Pradesh) for organizing *bhatti*. But we know now that there are just 30 or 40 years left for destruction.
**Baba:** How is it that 40 years are left?
**Student:** The building that is being built is being built strongly with bricks etc. It can be made temporary (structure), can't it? Just as they do in Japan temporarily using plywood etc. We can do it in this way, can't we?
**Baba:** Yes, we can also build with grass, etc. We can build huts with dry grass. We can build it, can't we? But the land is very costly. In order to raise huts, an extensive land is required whereas, tobacco is cultivated in Kampil. The rates of land have raised very much as well. So, is it beneficial to raise many floors on the available land or is it profitable to buy extensive lands?
**Student:** (It is beneficial) To build multistorey.
**Baba:** There is benefit in raising multistorey, isn't it? So, we should take advantage of the benefits.

जिज्ञासू –वहाँ भट्ठी–वट्ठी चलती रहेगा। वहाँ बनाने का क्या.........।
बाबा – हरेक स्थान का अपना तपस्या का प्रभाव होता है। माउंट आबू में जो तपस्या हुई है, वो बेसिक नॉलेज की हुई है; लेकिन शुरू से लेकर के अब तक चाहे बेसिक नॉलेज वाले हों, चाहे एडवान्स नॉलेज वाले हों, सबका बुध्दि का कनेक्शन तो मांऊंट आबू से रहा है ना! वो तो महामधुबन बनेगा; लेकिन जो बोला है , जहाँ–2 मिनीमधुबन बनावेंगे वहाँ–2 बापदादा आवेंगे। तो मिनीमुधबनों में भी कोई मधुबन ऐसा होगा ना जहाँ विशेष याद की यात्रा का प्रभाव हो और सात्विक स्टेज का हो। मांऊंट आबू में अभी जो तपस्या हो रही है और ब्रह्मा बाबा के समय में जो तपस्या हुई थी, उसमें फरक नहीं है? बहुत फरक है। ऐसे ही एडवान्स में भी।
**Student:** *Bhatti* will continue (to be organized) there. What is the reason for building there?
**Baba:** Every place has its own effect of the *tapasya* (penance) performed. The *tapasya* that took place in Mount Abu was as per the basic knowledge, but from the beginning till now, whether it is those who follow the basic knowledge or those who follow the advance knowledge; the intellect of everyone has been connected with Mount Abu, hasn't it? That will indeed become *Mahamadhuban* (the biggest *Madhban*). But as regards the statement: Bapdada will come wherever you build a *minimadhuban*. So, among the *minimadhubans* also there will be a *minimadhuban* where there is an effect of journey of remembrance especially and (remembrance) of a true *(satwik)* stage, won't there? Is there not a difference between the *tapasya* that is taking place at Mt. Abu at present and the *tapasya* that took place at the time when Brahma Baba was alive? There is a lot of difference. Similar is the case with the advance (party) too.

जिज्ञासू – अहमदाबाद और दिल्ली भी मुरली में बोला है, वो भी दो स्थान विशेष हैं।
बाबा – दिल्ली के लिए तो ये बोला है कि दिल्ली परिस्तान, दिल्ली कब्रस्तान। दिल्ली स्वर्ग की भी राजधानी है तो दिल्ली नरक की भी राजधानी है। दिल्ली एक ऐसा शहर है, जहाँ का प्रभाव सारी दुनियाँ के ऊपर पड़ता है। एक दिल्ली ही ऐसा शहर है जिसके ऊपर सब धर्मवालों ने राजाई की है। सब धर्मवालों ने आकर अपनी केपिटल बनाई है। दिल्ली जैसे सारे विश्व की माँ है, जगदंबा है। तो जगदंबा का ओरिजिन भी कहाँ से होता होगा? दिल्ली से ही होता है। दिल्ली का मौसम ख़राब होता है, तो सारे भारत का मौसम ख़राब होता है। दिल्ली का मौसम सुधरता है, तो सारे भारत का मौसम सुधरता



Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

है। इसलिए दिल्ली के ऊपर सारा मदार है। इसलिए बोला, एक के पतित बनने से सब पतित हो जाते हैं। एक के पावन बनने से सब पावन हो जाते हैं। यथा राजा तथा प्रजा होगी।
**Student:** It has been said in the *Murli* that Ahmedabad as well as Delhi are two special places.
**Baba:** It has indeed been said for Delhi that, Delhi becomes *paristan* (an abode of fairies), Delhi becomes *kabristan* (graveyard). Delhi is the capital of heaven as well as the capital of hell. Delhi is such a city which makes an influence on the entire world. Delhi is the only city which has been ruled by people of all the religions. People of all the religions came and made it their capital. Delhi is like the mother of the whole world, she (the unlimited Delhi) is Jagdamba. So, where does Jagdamba also originate from? She originates from Delhi only. When Delhi's climate becomes bad, the climate of entire India (Bharat) becomes bad. When Delhi's climate improves, then the climate of entire India improves. That is why the entire responsibility is on Delhi. This is why it has been said, Everyone becomes sinful *(patit)* when one becomes sinful. When one becomes pure, everyone becomes pure. As the king so shall be the subjects.

जिज्ञासू – एक बोलने से प्रजापिता तो पावन बन गया, तो सब फॉलो नहीं करते। क्यों माता के ऊपर करते हैं?
बाबा – वो तो शिव है ना! जो प्रजापिता है उसमें तो शिव प्रवेश है ना! उसकी तो बात ही अलग है। समाज में, संसार में, सभी देशों में जास्ती पतन माताओं का हुआ है या पुरुषों का जास्ती पतन हुआ है? तो जिसकी जास्ती गिरती कला हुई हो, उसी को ऊपर जास्ती ऊँचा उठना है। पुरुष इतने दुःखी नहीं हैं, मातायें जास्ती दुःखी हैं। तो ज़्यादा दुःख भोगती हैं तो ज़्यादा सुख नहीं भोगना चाहिए? इसलिए जगदंबा जैसे बीज है। सब माताओं की माता है। रावण की जेल में भी जाती है सबसे जास्ती वो। तो राम के राज्य में भी सुख भी सबसे जास्ती वो भोगती है। जगदंबा भी कौन है?
जिज्ञासू –ब्रह्मा।
**Student:** When you speak of 'one', Prajapita has indeed become pure, but everyone does not follow him. Why do they [follow] the mother?
**Baba:** He is in fact Shiv, isn't He? Shiv has certainly entered in Prajapita, hasn't He? His case is completely different. Have mothers experienced more downfall or have men experienced more downfall in the society, in the world, in all the countries? So, the one who have undergone the stage of descent more, she herself has to rise up more. Men are not so sorrowful, mothers are more distressed. So, when they suffer more sorrow, should they not experience more happiness? This is why Jagdamba is like a seed. She is the mother of all mothers. She goes to Ravan's jail more than everyone else as well as she experiences the maximum happiness in the kingdom of Ram. Who is Jagdamba?
**Student:** Brahma.

बाबा – हाँ। वास्तव में ये ब्रह्मा तुम्हारी जगदंबा है, परंतु तन पुरुष का है। इसलिए कन्याओं–माताओं के चार्ज में इनको नहीं रखा जा सकता। ओमराधे को निमित्त बनाया था। अभी वही ब्रह्मा की सोल जिसने सहनशक्ति का बड़े–ते–बड़ा पार्ट बजाया माता के रूप में। वही फिर स्त्री चोले में प्रवेश करके जगदंबा के रूप में संसार में प्रत्यक्ष होती है। दाढ़ी–मूँछ वाले ब्रह्मा की पूजा नहीं होती। नाम वो भी ब्रह्मा है। ब्रह्म माने बड़ी माँ



Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

माने माँ – बड़ी माँ और नाम उसका भी जगदंबा है। सारे जगत् की माँ। अर्थ तो एक ही हो गया।

**Baba:** Yes. Actually, this Brahma is your Jagdamba, but the body is of a male. This is why virgins and mothers cannot be kept under the charge of this one. Om Radhey was made instrumental. Now the same soul of Brahma, who played the highest role of tolerance in the form of a mother enters in a female body and is revealed in the world in the form of Jagdamba. Brahma with beard and moustache is not worshipped. His name was also Brahma. *Brahm* means senior; and '*ma'* means mother, i.e. the senior mother, and his name is also Jagdamba, the Mother of the entire world. The meaning is one and the same.

जगदंबा का जो चोला है वो आत्मा अलग और उसमें प्रवेश करके जो जगदंबा का पार्ट बजानेवाली है, असुरों का संहार करनेवाली आत्मा, वो अलग। वो है ब्रह्मा। इसलिए सारी बात एक आत्मा के ऊपर आ जाती है। कौन? दादा लेखराज ब्रह्मा। वो एक के पतित बनने से सब पतित और एक के पावन बनने से सब पावन बन जाते हैं। एक की बुध्दि में समझ में सही तरीके से बात बैठ जाए, तो सबकी बुध्दि में बैठ जावेगी। एक की बुध्दि में बात नहीं बैठी हुई है, गीता का भगवान कौन। तो जो जगदंबा का चोला है, उसकी भी बुध्दि में नहीं बैठेगा। बाकी शिवबाबा के पार्ट की तो बात ही अलग है। वो तो अनिश्चय बुध्दि बनता ही नहीं है।

The soul of Jagdamba's body is different and the soul who enters in her and plays the role of Jagdamba, the soul who destroys the demons, is different. It is Brahma. This is why everything depends on one soul. Who? Dada Lekhraj Brahma. When that one becomes sinful everyone becomes sinful and when that one becomes pure, everyone becomes pure. If it fits in the intellect of one properly, then it will fit in the intellect of everyone. 'Who the God of the Gita is', this has not fitted in the intellect of one, so, it will not fit in the intellect of the (soul of) body of Jagdamba either. As regards Shivbaba's part, the issue is indeed different. He does not develop doubtful intellect at all.

जिज्ञासू –वैश्णव देवी तो 84 जन्म पवित्र ही होती है।
बाबा – 84 जन्म में पवित्र नहीं कहेंगे। आखिरी जन्म में आकर के दृष्टि से संग का रंग लगता है या नहीं लगता है?
जिज्ञासू – लगता है। 83 कहेंगे। मगर, एक जन्म में स्त्री होगी, एक जन्म में पुरुष होगी। पुरुष होने से वो तो दुर्योधन–दुःशासन ऐसे होंगे। तब तो पाप करेंगे ना! वो पवित्र नहीं हो सकते।
बाबा – बिल्कुल–बिल्कुल! जब पुरुष जन्म लेंगे, तो दुर्योधन–दुःशासन बनेंगे। तो उस जन्म में भी पाप तो लगता है। आत्मा के ऊपर विकारों की कट तो चढ़ती है।

**Student:** *Vaishnavi Devi* is anyway pure for 84 births.
**Baba:** She will not be said to be pure in 84 births. After reaching the last birth, is she coloured by the company of vision or not?
**Student:** She is. It will be said: 83 [births]. But, she will be female in one birth and male in the other birth. When she becomes a male she will be like *Duryodhan* and *Dushasan*. Then she will certainly commit sins, will she not? She cannot be pure.

**Baba**: Certainly, when she takes male births, she will become *Duryodhan-Dushasan*. So, she indeed accumulates sins in that birth as well. The soul is certainly covered by the rust of vices.

जिज्ञासू – ये क्यों कहते हैं कि वैष्णवदेवी पवित्रता का देवी है।
बाबा – और 500–700 करोड़ आत्माओं के बीच में जो वो पवित्रता को धारण करेगी, वो और कोई आत्मा के अंदर उतने पवित्रता के संस्कार नहीं होंगे।
जिज्ञासू – बाबा, संगमयुगी कृष्ण का जन्म होने से सुखधाम और शांतिधाम स्थापन हो जाएगा बोला ना।
बाबा – हूँ।
जिज्ञासू –तो सुखधाम का जब स्थापन होगा, जो छोटा–सा संगठन होगा, उस जगह पर तो दुःखधाम का विनाश होना होता है ना।
बाबा – जहाँ सुखधाम होता है वहाँ दुःखधाम नहीं होता। जहाँ दुःखधाम होता है वहाँ सुखधाम नहीं होता। जहाँ पतित दुनियाँ होगी, वहाँ एक भी पावन नहीं होगा। जहाँ पावन दुनियाँ होगी, वहाँ एक भी पतित नहीं होगा। ये ब्राह्मणों का संगठन ऐसा बन जावेगा कि इसमें एक भी विकारी पतित प्रवेश भी नहीं कर सकेगा।
Student: Why is it said that *Vaishnavi Devi* is a *Devi* (female deity) of purity?
**Baba:** The purity that she imbibes among the other 500-700 crore (5-7 billion) souls, no soul will have the *sanskars* of purity to that extent.
**Student:** Baba, it has been said that with the birth of Confluence Age Krishna the abode of happiness *(Sukhdham)* and the abode of peace *(Shantidham)* will be established, hasn't it?
**Baba:** Hum.
**Student:** So, when the abode of happiness is established, destruction of the abode of sorrow *(dukhdham)* has to take at the place where the small gathering is located, hasn't it?
**Baba:** Where there is an abode of happiness, the abode of sorrow is not there. Where there is an abode of sorrow, there is not an abode of happiness. Where there is a sinful world, not even a single person is pure there. Where there is a pure world, not even a single person is sinful there. This gathering of Brahmins will become such that not even a single vicious, sinful person will be able to enter it.

जिज्ञासू –तो जो सुखधाम स्थापन होगा उस समय तो उस जगह पर दुःखधाम का विनाश हुआ होगा?
बाबा – अरे! फिर वही बात। जहाँ सुख की दुनियाँ होगी, उस सुख की दुनियाँ में घोर सोजरा ही सोजरा होगा और जो दुःख की दुनियाँ है, वो अंधेरा ही अंधेरा है। ज्ञान का नाम–निशान नहीं। जहाँ भक्ति है, वहाँ ज्ञान नहीं। जहाँ ज्ञान है, वहाँ भक्ति नहीं। भक्तिमार्ग टोटल मुरदाबाद। तब कहेंगे सुखधाम। जैसे दोपहर होता है, सोजरा ही सोजरा। रात के 12 बजते हैं, तो अंधेरा ही अंधेरा।
**Student:** So, at the place where the abode of happiness will be established, at that time the abode of sorrow would have been destroyed at that place, wouldn't it?
**Baba:** Arey! You are speaking of the same thing again. Where there is a world of happiness, there will be extreme brightness and only brightness in that world of happiness and where there is a world of sorrow there is extreme darkness and only darkness. There is no name and trace of knowledge. Where there is *bhakti* (devotion), there is no knowledge. Where there is knowledge, there is no *bhakti. Bhaktimarg* will be totally 'down' (*murdabaad*).Then it will be called an



Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

abode of happiness. For example, when it is afternoon time, there is brightness and only brightness. When it is midnight there is darkness and only darkness.

जिज्ञासू –सुखधाम, दिल्ली में संगठन।
बाबा – सुखधाम का स्थान है ही जमुना का कंठा। फिर दुःखधाम का स्थान भी वही जमुना का कंठा।
जिज्ञासू – तो बाबा, दिल्ली कब्रस्तान और परिस्तान ये कबकी बात है ?
बाबा – जब बाप की प्रत्यक्षता होती है। नेक्स्ट टू गॉड इज कृष्ण जब प्रत्यक्ष होता है संसार में, नेक्स्ट टू गॉड नारायण जब संसार में प्रत्यक्ष होता है, नेक्स्ट टू गॉड इज प्रजापिता या शंकर जब संसार में प्रत्यक्ष होता है, उसी टाइम को कहेंगे।
**Student:** The abode of happiness, the gathering at Delhi.
**Baba:** The place of the abode of happiness is on the banks of (river) Yamuna. Then the place of the abode of sorrow will also be on the same banks of Yamuna.
**Student:** So Baba, Delhi becomes a graveyard (*kabristan*) and an abode of fairies (*paristan*) – this pertains to which period?
**Baba:** [It is about the time] when the revelation of the Father takes place. It is about that very time when 'next to God is Krishna' is revealed in the world, 'next to God is Narayan' is revealed in the world, when 'next to God is Prajapita or Shankar is revealed in the world.

जिज्ञासू – 2018 से दुनियाँ में जो सिविल वॉर शुरू होगा बोला, वो शुरू हो जाएगा दिल्ली से?
बाबा – लड़ाई पहले शुरू होगी कि पढ़ाई पहले पूरी होगी? पढ़ाई पूरी होगी, तो लड़ाई शुरू होगी और लड़ाई तब ही शुरू होगी, विनाश तब ही होगा जब कि स्थापना हो गई होगी। पहले स्थापना फिर विनाश।
**Student:** As it was said, the civil war will begin in the world from 2018, will it begin from Delhi?
**Baba:** Will the war begin first or will the studies complete first? When the studies are over, the war will begin, and the war will commence, the destruction will take place only when the establishment has taken place. First establishment (will take place) and then destruction.

जिज्ञासू – स्थापना माना 8 की संगठन की स्थापना या पूरा स्थापना?
बाबा – पूरा कोई सम्पन्न बनते हैं एकदम? जो फाउंडेशन नई दुनियाँ का पड़ेगा, वो अधूरों के संगठन का पड़ेगा या सम्पूर्ण के संगठन का पड़ेगा? किसका पड़ना चाहिए? अरे, सम्पूर्ण पुरुषार्थियों का फाउंडेशन पड़ना चाहिए या अधूरे पुरुषार्थियों का फाउंडेशन पड़ना चाहिए? सम्पूर्ण पुरुषार्थियों का पड़ना चाहिए। तो सम्पूर्ण कितने हैं? आठ ही ऐसे हैं जो सजायें नहीं खाते है। बाक़ी तो कुछ–न–कुछ अधूरा पुरुषार्थ करते हैं, जिसकी वजह से सजा खा जाते हैं। अभी जो अव्यक्त वाणी में बोला है कि तुम बच्चों को बापदादा ने नई दुनियाँ की सौगात दी है, तो क्या जितने भी लाखों इस ज्ञान में चल रहे हैं, सबको दे दी है? तुम वहाँ नई दुनियाँ में आना–जाना करते हो ना! पूछा ना! तो क्या वो सौगात सबको मिल गई? सबको तो नहीं मिल सकती।
**Student:** Does establishment mean establishment of the gathering of eight (deities) or complete establishment?



Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

**Baba:** Does anyone become complete suddenly? The foundation of the new world that will be laid, will it be of the gathering of the incomplete ones or of the complete ones? Whose foundation should be laid? Arey, should the foundation of the makers of complete special effort for the soul *(purusharthi)* be laid or should the foundation of the makers of incomplete special effort for the soul be laid? The foundation of the complete *purusharthis* should be laid. So, how many are complete? Only eight are such ones who do not suffer punishments. All the rest make incomplete *purusharth* (special effort for the soul) to some extent or the other because of which they suffer punishments. It has been said now in the *Avyakta Vani* …. Bapdada has given the gift of the new world to you children, so, has it been given to all the lakhs (hundred thousands) of children who are following the path of knowledge? (Bapdada asked:) You visit that new world, don't you? He asked, didn't He? So, did everyone obtain that gift? Everyone certainly cannot obtain it.

जिज्ञासू – मुरली में ये बोलते हैं कि बाबा सबको एक ही टाइम ले जायेंगे।
बाबा – ठीक है।
जिज्ञासू –फिर आठ उधर रहते हैं और उधर दूसरा.....।
बाबा– वो बुध्दियोग से रहते हैं। वो बुध्दियोग से ऐसी स्टेज में रहते हैं। शरीर छोड़कर के जाने के टाईम की बात नहीं है। शरीर छोड़ करके तो सारे तब ही जावेंगे जब लास्ट में प्रजापिता इस सारी सृष्टि पर हर मनुष्य मात्र, हर प्राणि मात्र को शरीर छोड़ते हुए देख लेगा। वो ऑल राउंड पार्टधारी है। तब तक सब आत्मायें सूक्ष्मवतन में टिकेंगी। परमधाम कोई वापस नहीं जा सकता।
**Student:** It is said in the *Murli* that Baba will take everyone at the same time.
**Baba:** It is correct.
**Student:** Then eight remain there (in the abode of happiness); and the others there…
**Baba:** They live (there) through the connection of their intellect *(buddhiyog)*. They live in that stage through the connection of their intellect. It is not about the time when they leave the body and go. Everyone will leave the body and go only when Prajapita has seen every human being, every living being leave his body and go in the last. He is an all-round actor. Until then all the souls will wait in the subtle world. Nobody can return to the Supreme Abode *(Paramdham)*.

जिज्ञासू – अष्टदेव भी छोड़ा होगा शरीर।
बाबा– सभी नम्बरवार की स्टेज में हैं।
जिज्ञासू – तो उसके बाद बाप की आत्मा परमधाम जाएगी या यहीं ऐसे कंटिन्यू रहेगी।
बाबा – बाप पहले जाएगा, जो परमधाम पहले जाएगा वो सुखधाम में पहले आएगा – ये नियम नहीं है? जो शांति में ही नहीं जावेगा, जो मुक्ति की स्टेज को ही नहीं पावेगा, गति ही जिसकी नहीं होगी, उसकी सद्‌गति होगी? जिसकी पहले नम्बर में गति हो, मुक्ति हो उसकी पहले नम्बर में सद्‌गति हो। जो पहले नम्बर में शांतिधाम जावे, वो पहले नम्बर में सुखधाम आवे।
**Student:** The eight deities must also have left their bodies.
**Baba:** Everyone is in a numberwise stage.
**Student:** So, after that, will the soul of the father go to the supreme abode or will it continue (to live) here like this?
**Baba:** The father will go first; is this not the rule that the one who goes to the supreme abode first will come to the abode of happiness first? Will the one who does not go into the stage of

peace, does not achieve the stage of *mukti* (liberation) at all, does not achieve salvation (*gati*) at all; achieve true salvation (*sadgati*)? The one who attains salvation first, [the one who] attains liberation first; he will attain true salvation first. The one who goes to the abode of peace first will come to the abode of happiness first.

जिज्ञासू – बाबा, सतयुग और त्रेता में जो देवतायें हैं, वो तो ठीक है; उसके बाद जो देवतायें और प्रजा आती है, आप बालते थे कि – वो देवताएँ पुरुषार्थ करेंगे द्वापर और कलियुग में.........
बाबा – त्रेता के बाद पुरुषार्थ करेंगे?
जिज्ञासू –नहीं, आप बोलते थे कलियुग और द्वापर में जो देवतायें हैं..........
बाबा – देवता नहीं हैं, देवात्मायें हैं।
**Student:** Baba, about the deities who exist in the Golden Age and the Silver Age… it is all right; the deities and subjects who come after that….; you used to say that those deities will make special effort for the soul (*purusharth*) in the Copper Age and the Iron Age…………
**Baba:** Will they do *purusharth* after the Silver Age?
**Student:** No, you used to say that the deities in the Iron Age and the Copper Age………..
**Baba:** They are not deities, they are deity souls.

जिज्ञासू –देवात्मा और प्रजा है, उसमें क्या फरक होता है?
बाबा – उसमें फरक ये होता है कि जो देवात्मायें हैं, उनमें ही ऊपर से आनेवाली आत्मायें प्रवेश करती हैं। जो 33 करोड़ देवतायें गाए हुए हैं, उन 33 करोड़ में टाईम टू टाईम ऊपर से आनेवाली दूसरे–2 धर्मों की आत्मायें प्रवेश करती रहती हैं और उनको कन्वर्ट करती रहती हैं और–2 धर्मों में। इसलिए हिंदू ही कन्वर्ट होकर के सदैव विधर्मी बने हैं, और–2 धर्मों में गए हैं। दूसरे धर्मवाले कन्वर्ट होकर के कभी हिंदू नहीं बने। ये तो लास्ट में जब भगवान को इस सृष्टि पर आना होता है, तब ऐसा ड्रामा बनता है कि सब धर्मवाले आर्यसमाज में स्थान पा जाते हैं। आर्यसमाजी खुला निमंत्रण दे देते हैं–कोई भी धर्मवाला आकर के हिंदू बन सकता है।
**Student:** What is the difference between the deity souls and subjects?
**Baba:** The difference is that the souls coming from above will enter only in (the bodies of) the deity souls. In the 33 crore (330 million) deities who are praised, souls of other religions keep entering from time to time and keep converting them into other religions. This is why only the Hindus have always converted to become *vidharmis* (those who have inculcations opposite to that said by the Father), and have gone to other religions. Souls of other religions never converted to become Hindus. When God has to come in this world in the last, the drama reaches such a point that people belonging to all the religions find a place in Aryasamaj. Aryasamajis give an open invitation: Any person belonging to any religion can come and become a Hindu.

जिज्ञासू – वो 23 करोड़ देवात्मायें तो हैं; लेकिन वो क्यों सतयुग–त्रेता में नहीं आ सकते; खाली द्वापर–कलियुग में आते हैं?



Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

बाबा – वो फोर्थ कॅटिगिरी का सुख भोगते हैं, अव्वल नम्बर का। सतयुग में आनेवाले फर्स्ट कॅटिगिरी का सुख भोगते हैं। त्रेता में आनेवाले सेकन्ड कॅटिगिरी का सुख भोगते हैं; लेकिन द्वापरयुग में जो देवता धर्म की, सनातन धर्म की आत्मायें आती हैं, वो थर्ड कॅटिगिरी का सुख भोगती हैं, ऊँचे–से–ऊँचा सुख भोगती हैं। आज भी भारतवर्ष में ऐसे–2 परिवार हैं कि परिवार का मुखिया जो बोले, उसको काट नहीं सकता कोई भी परिवार का सदस्य। इतना एकता होता है। इतना एक धर्म, एक राज्य, एक भाषा, एक मत; लेकिन ऐसे परिवार प्रायःलोप हैं। ये देवी–देवता सनातन धर्म प्रायःलोप होता है। बिल्कुल लोप हो जाए – ये नहीं हो सकता।

**Student:** The 23 crore (230 million) (souls) are no doubt the deity souls, but why can't they come in the Golden Age and Silver Age? Why do they come only in the Copper Age and Iron Age?

**Baba:** They experience number one happiness of the fourth category. Those who come in the Golden Age experience happiness of the first category. Those who come in the Silver Age experience happiness of the second category, but the souls belonging to the Deity religion, *sanaatan dharma* (Ancient Deity religion) who come in the Copper Age experience happiness of the third category, they experience highest happiness (of the third category). Even today there are such families in India in which no member of the family can cut (i.e. oppose) whatever has been said by the head of the family.There is so much unity. There is such (unity with) one religion, one kingdom, one language, one opinion, but such families are almost disappearing. This Ancient Deity religion almost disappears. It is not possible that it disappears completely.

जिज्ञासू – जो पहले शांतिधाम जाएगा, वही पहले सुखधाम में आएगा बोला ना बाबा। तो यह भी बोला , बाप को शरीर छोड़ते हुए कोई भी नहीं देखेगा।

बाबा – तो कोई शक है क्या? अगर उसको शरीर छोड़ते हुए कोई देखे, फिर संसार में ये गायन कैसे चलेगा कि वो सबका बाप है, अमर है, अमरनाथ है। उसका जन्म और मरण नहीं होता। है तो बेहद की बात। बार–2 निश्चय रूपी जन्म नहीं होता और बार–2 अनिश्चय रूपी मृत्यु भी नहीं होती उसकी।

**Student:** Baba you said that the one who will go to the abode of peace first will come to the abode of happiness first? So, it has also been said, nobody will see the father leaving his body.

**Baba:** Do you have any doubt? If anyone sees him leaving the body, then how will it be praised in the world, He is everybody's father; He is immortal; He is the lord of the immortal ones (*Amarnath*). He does not take birth or die. It is indeed an unlimited issue. He does not take birth in the form of having faith again and again and does not die in the form of having doubt again and again either.

जिज्ञासू – तो ये शरीर छोड़ के वो परमधाम जाती ही नहीं वो आत्मा।
बाबा – क्यों नहीं जाता? सबको मार के मरता है।
जिज्ञासू – तो अंत में जाता है ना बाबा।
बाबा – हाँ–2। अंत में जाता है और सबसे आगे जाता है। जब दौड़ होती है ना! तो कोई दौड़ने वाले इतने तीखे होते हैं पहले धीरे–2 दौड़ते रहते हैं, फिर लास्ट जो दौड़ होती है, उसमें आगे निकल जाते हैं। ऐसा देखा है कि नहीं? हाँ, ऐसा होता है।



Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

**Student:** So, does that soul not leave its body and go to the supreme abode at all?
**Baba:** Why not? He dies after killing everyone (in an unlimited sense).
**Student:** So Baba, he goes in the end, doesn't he?
**Baba:** Yes, yes. He goes in the end and goes ahead of everyone. When there is a race, some runners are so clever that initially they keep running slowly, and then in the last phase of the race, they gallop ahead of others. Have you seen like this or not? Yes, it happens like this.

जिज्ञासू –शुरूआत से ही आत्मायें जाती रहती हैं परमधाम शरीर छोड़ के।
बाबा – शुरूआत से थोड़े ही परमधाम जाती रहती हैं!
जिज्ञासू –विनाश होने से शुरूआत से ही।
बाबा – सूक्ष्मवतन में टिकती हैं सब। तब तक टिकेंगी जब तक वो प्रजापिता आ नहीं जाएगा।
जिज्ञासू –तो उस समय के लिए सूक्ष्मवतन रहेगा।
बाबा – हाँ जी, हाँ जी।
जिज्ञासू –क्योंकि सूक्ष्मवतन है ही नहीं बोला।
बाबा – सूक्ष्मवतन है ही नहीं माना सूक्ष्म स्टेज है आत्मा की। दैहिक रूप नहीं है। जिज्ञासू –सूक्ष्म शरीर।
बाबा – हाँ जी। लाइट का शरीर। जैसे स्वप्न में कहाँ–2 उड़ करके आत्मा चली जाती है। तो स्थूल शरीर चला जाता है क्या? जाता है? स्थूल शरीर तो नहीं जाता।
**Student:** From the very beginning the souls keep going to the Supreme Abode leaving their bodies.
**Baba:** They do not go to the Supreme Abode from the very beginning.
**Student:** From the very beginning of the destruction.
**Baba:** All of them wait in the subtle world. They will wait there until Prajapita comes (there).
**Student:** So, the subtle world will exist till that time.
**Baba:** Yes, yes.
**Student:** Because it has been said that the subtle world does not exist at all.
**Baba:** 'Subtle world does not exist at all' means it is a subtle stage of the soul. It is not a bodily form.
**Student:** The subtle body.
**Baba:** Yes. A body of light. For example, a soul travels from one place to another in dreams. So, does the physical body also go (with the subtle body)? Does it go? The physical body does not go indeed.

जिज्ञासू –लेकिन आत्मा भी वो शरीर से नहीं जा सकता ना।
बाबा – कौन–से शरीर से? स्थूल शरीर से नहीं जा सकती।
जिज्ञासू –जो शरीर सो रहा है।
बाबा – स्थूल शरीर से नहीं जा सकती।
जिज्ञासू – तो सूक्ष्मशरीर से जाती है माना।
बाबा – हाँ, सूक्ष्मशरीर कहीं भी जा सकता है। एक सेकन्ड में कहीं जा करके वापस आता है।
जिज्ञासू – वो सूक्ष्म शरीर है कि अपना मन की संकल्प है?
बाबा – मन–बुद्धि को ही तो आत्मा कहा जाता है।



Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

जिज्ञासू –संकल्प है ना बाबा वही स्वप्न भी।
बाबा – मन–बुद्धि को ही आत्मा कहा जाता है।
**Student:** But the soul cannot go with that body either, can it?
**Baba:** With which body? It cannot go along with the physical body.
**Student:** The body that is sleeping.
**Baba:** It cannot go along with the physical body.
**Student:** So, what does it mean by 'it goes with the subtle body'?
**Baba:** Yes, the subtle body can go anywhere. It can go anywhere in a second and come back.
**Student:** Is it the subtle body or the thought of our mind?
**Baba:** The mind and intellect itself is called a soul.
**Student:** Baba, dream too is the thought, isn't it?
**Baba:** The mind and intellect itself is called a soul.

जिज्ञासू –स्वप्न है, वो अपना संकल्प ही है ना नींद में।
बाबा – एक होता है, चेतन मस्तिष्क और एक होता है अचेतन मस्तिष्क। अभी चेतन मस्तिष्क में हम सब जागृत अवस्था में बैठे हुए हैं। जब निद्रा में होते हैं, तो एक बीच की स्टेज ऐसी आती है कि – अचेतन मन चारों तरफ़ दुनियाँ में घूमने लगता है।
जिज्ञासू –आत्मा।
बाबा – आत्मा को ही मन कहा जाता है। जागृत अवस्था में भी ऐसी स्थिति होती है, हम कभी गहरे मनन–चिंतन–मंथन में होते हैं, तो आँखें खुली रह जाती हैं और हम कहाँ के कहाँ पहुँच जाते हैं, आँखों के सामने से कोई निकल जाता है हमें ध्यान ही नहीं रहता, कौन निकल गया? ऐसा होता है कि नहीं? ऐसे ही।
**Student:** As regards dreams, it is just our own thoughts that we see in the dreams, isn't it?
**Baba:** One is conscious mind and one is unconscious mind. Now we are sitting with a conscious mind in a conscious stage. When we are asleep, there is a median stage where the unconscious mind starts wandering everywhere in the world.
**Student:** Soul.
**Baba:** The soul itself is called mind. Even in the conscious stage, we experience such a stage. When sometimes we are in deep thinking and churning, the eyes remain open and we reach somewhere else (by thoughts); someone passes before our eyes and we are not at all aware, who passed in front of our eyes. Does it happen or not? It is a similar case.

जिज्ञासू –शिव का पार्ट 33 इयर्स तो अभी ख़त्म हो रहा है, अभी गुप्त हो जायेंगे ना।
बाबा – कैसे पता चलेगा कि शिव का पार्ट ख़त्म हो गया, शंकर का पार्ट शुरू हो गया?
(भाई ने कुछ कहा)
बाबा – ब्रह्मा का पार्ट ख़त्म हो गया क्या?
जिज्ञासू –नहीं, वो गुप्त में चलता है।
**Student:** 33 years of Shiv's part are about to end now; He will become hidden now, will He not?
**Baba:** How will you know that Shiv's part has ended, Shankar's part has commenced?
(The brother said something.)
**Baba:** Has Brahma's part ended?
**Student:** No. It continues in a hidden way.



Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

बाबा – यज्ञ के आदि में ब्रह्मा–विष्णु–शंकर तीनों पार्टधारी थे या नहीं थे?
जिज्ञासू –थे।
बाबा – जिनकी यादगार में ये झण्डा बनाया जाता है, ब्रह्मा–विष्णु–शंकर की यादगार में ये तीन कपड़ों का झण्डा बनाया गया, ये तीन शरीर रूपी कोई वस्त्र यज्ञ के आदि में भी थे ना! जो आदि में हैं, वो अंत तक होंगे या नहीं होंगे?
जिज्ञासू –ज़रूर होंगे; मगर गुप्त में होंगे क्या?
**Baba:** In the beginning of the *yagya*, there were all the three actors, i.e. Brahma, Vishnu and Shankar or not?
**Student:** They were present.
**Baba:** In their memory this flag is prepared. In memory of Brahma, Vishnu and Shankar this flag of three clothes has been prepared, there were these three cloth-like bodies in the beginning of the *yagya* as well, were they not? Will those who were in the beginning be present till the end or not?
**Student:** They will certainly be present, but will they be in a secret form?

बाबा – वो समझने की बात है। क्या? जो शैव सम्प्रदाय के होंगे, उनके लिए लोप होने की बात ही नहीं है। जो और–2 सम्प्रदाय के होंगे, ब्रह्मसमाजी होंगे, उनको नहीं दिखाई पड़ेगा। समझेंगे नहीं। विष्णु सम्प्रदाय वालों को विष्णु ही सबसे ऊँच दिखाई पड़ेगा। ब्रह्म समाजियों को ब्रह्मा ही सबसे ऊँच दिखाई पड़ेगा। शैव समाजियों को शिव ही सबसे ऊँचा दिखाई पड़ेगा। इसलिए भक्तिमार्ग में जो शास्त्र बनाए हैं, शिव महापुराण जिसने बनाया, उसने शिव की ही महिमा कर दी हर जगह। शिव को ही ऊँचा दिखा दिया। विष्णु महापुराण जिसने बनाया, उसने विष्णु को ही भगवान के रूप में दिखा दिया और शंकर को और दूसरे देवताओं को सबको नीचा दिखा दिया। जैसे–जगदंबा के पुजारी हैं। देवी के पुजारी हैं, उन्होंने देवी को सबसे ऊपर कर दिया और ब्रह्मा–विष्णु–शंकर तीनों को नीचे कर दिया। ऐसे ही यहाँ चल रहा है अभी।
**Baba:** It is something to understand. What? For those who belong to the *Shaiv* community (those who believe in Shiv), there is no question of vanishing at all . Those who belong to other communities, those who are Brahma *samajis* will not be able to see (the *Trimurti*), they will not understand. Those who belong to the *Vaishnavite* community will see only Vishnu as the highest deity. Brahma *Samajis* will see only Brahma as the highest one. Those who belong to the *Shaiv* community will see only Shiv as the highest one. This is why the scriptures prepared in the path of devotion *(bhakti)*; whoever wrote '*Shiv Mahapuran*', he has praised only Shiv in it everywhere. He has shown only Shiv to be the highest. The one who wrote *Vishnu Mahapuran* has shown only Vishnu as God and he belittled Shankar and other deities. For example, there are worshippers of *Jagdamba*. They are worshippers of *Devis* (female deities); they have put *Devi* at the highest position and have shown Brahma, Vishnu and Shankar at lower positions. Similar thing is going on here at present.

ब्रह्मा के लिए अव्यक्त वाणी में क्या बोला है? जो सबसे नीचे तबक्के का देवता है। क्या बोला है? ब्रह्मा का पार्ट स्थापना के कार्य में अंत तक नूँधा हुआ है। दूसरा पार्ट नहीं बजा सकते। जब तक पूरी स्थापना नहीं हुई है, ब्रह्मा का पार्ट चलता ही रहेगा। ब्रह्मा का पार्ट नहीं है, तो ब्रह्मा की हजार भुजाओं का गायन कैसे है? हजार भुजायें अभी भी कार्य कर रही हैं। चलानेवाला है तब तो हजार भुजायें चल रही हैं। चलानेवाला हो ही



Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

नहीं और भुजायें अपने आप चलती रहेंगी? विष्णु के चित्र में भी चार भुजायें हैं। चार भुजायें माना कोई चार मददगार आत्मायें। उन चार मददगार आत्माओं को चलानेवाला भी कोई होगा कि नहीं होगा? नहीं तो विष्णु का सर काट दो। चार भुजायें अपने आप चलती रहें। ओमशान्ति।

What has been said in the *Avyakta Vani* about Brahma, who is the deity of the lowest level? What has been said? Brahma's part is fixed in the task of establishment till the end. He cannot play another part. Until the entire establishment has not taken place Brahma's part will continue. If Brahma's part is not being played, then how is there the praise of the thousand arms of Brahma? Thousand arms are still working. The controller exists, only then are the thousand arms functioning. If the controller does not exist at all, will the arms continue to function on their own? In the picture of Vishnu too there are four arms. Four arms mean some four helper souls. Will there be someone to control those four helper souls or not? Otherwise, cut off Vishnu's head. Let the arms work on their own! Om shanti.

……………………………………………………………………………………………………

Note: The words in italics are Hindi words. Some words have been added in the brackets by the translator for better understanding of the translation.



Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info